आईआईएम के पूर्व प्रोफेसर ने किया दौरा, ली जानकारी

अंडरग्राउंड मेट्रो-3 की हुई सराहना

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** मुंबई जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में जमीन के नीचे खोदी गई मेट्रो-3 के काम का जायजा लेने इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट (आईआईएम) अहमदाबाद और बैंगलोर से जुड़े प्रोफेसरों ने लिया. आरे से कफ परेड तक चलने वाली मेट्रो लाइन राज्य की पहली 33 किमी लंबी अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन है. इसका पहला चरण दिसंबर 2023 में आरे से बीकेसी तक शुरू होगा. इस लाइन में दक्षिण मुंबई के स्टेशन, वहां मौजूद हेरिटेज इमारतों के नीचे बनाए गए हैं, इसीलिए इस काम के संबंध में आईआईएम से जानकारी मांगी गई थी.

प्रोफेसर ने की MMRC की तारीफ

बता दें कि रघुराम आईआईएम, बैंगलोर और आईआईएम अहमदाबाद में पूर्व प्रोफेसर हैं. उन्होंने हाल ही में मेट्रो-3 के चर्चगेट और छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट टर्मिनल-2 स्टेशनों का दौरा किया. इनमें से चर्चगेट स्टेशन दूसरे चरण में है, लेकिन इस स्टेशन के ऊपर कई हेरिटेज इमारतें हैं. प्रोफेसर ने सभी जानकारी मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसी) से लिया. साथ ही एमएमआरसी की सराहना भी की.